पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

उ0प्र0 एवं गुजरात के मुख्यमंत्री की संयुक्त प्रेस–वार्ता

गुजरात के मुख्यमंत्री ने गुजरात वासियों की ओर से उ0प्र0 वासियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के उद्‌घाटन समारोह हेतु आमंत्रित किया

प्रधानमंत्री द्वारा 31 अक्टूबर, 2018 को किया जाएगा उद्‌घाटन

182 मीटर ऊंची यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा

नवम्बर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश का एक प्रतिनिधिमण्डल सरदार पटेल के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करने गुजरात जाएगा : मुख्यमंत्री उ0प्र0

पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए गुजरात राज्य में प्रदेश का पर्यटन गृह बनाने हेतु भूमि दिए जाने पर गुजरात सरकार ने सहमति व्यक्त की

लखनऊ : 15 अक्टूबर, 2018

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री श्री विजय रुपानी जी की संयुक्त प्रेस–वार्ता आज यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुई। इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री जी ने गुजरात वासियों की ओर से उत्तर प्रदेश वासियों को सरदार सरोवर बांध पर निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के उद्‌घाटन समारोह हेतु आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि प्रतिमा का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 31 अक्टूबर, 2018 को किया जाएगा। प्रतिमा की ऊंचाई 182 मीटर है तथा यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

गुजरात के मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी की मौजूदगी में प्रतिमा का शिलान्यास किया था। प्रतिमा एक ऊंचे पैडस्टल पर स्थापित की गई है। पैडस्टल में एक म्यूजियम भी बनाया गया है, जिसमें सरदार पटेल एवं प्रतिमा के निर्माण से सम्बन्धित इतिहास को संजोया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा को वर्ल्ड क्लास बनाया गया है। प्रतिमा के अंदर लिफ्ट की भी व्यवस्था की गई है। आनुषंगिक विकास

के अंतर्गत वैली ऑफ फ्लॉवर्स विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा के उद्घाटन के अवसर पर 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' भवन का भी लोकार्पण किया जाएगा।

गुजरात के मुख्यमंत्री जी ने बताया कि अंग्रेजी, हिन्दी और गुजराती भाषाओं में सक्षम 100 प्रशिक्षित गाइड प्रतिमा का भ्रमण कराने के लिए उपलब्ध रहेंगे। स्थानीय आदिवासियों की हस्त कलाओं से सम्बन्धित बाजार तथा उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रदर्शन की व्यवस्था भी की गई है। 31 अक्टूबर, 2018 को लोकार्पण के पश्चात 01 नवम्बर से यह प्रतिमा सभी के दर्शन के लिए खुल जाएगी। नवम्बर माह में राज्यों के प्रतिनिधिमण्डल अलग–अलग दिवसों में प्रतिमा के दर्शन और सरदार पटेल को श्रृद्धांजलि अर्पित करने के लिए आएंगे। इसी दौरान राष्ट्रपति जी एवं उप राष्ट्रपति जी भी प्रतिमा के दर्शन के लिए पधारेंगे।

गुजरात के मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की 562 रियासतों का विलय करके देश की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक एकता को स्थापित किया। यह मूर्ति भी एकता का प्रतीक है। सरदार पटेल न होते तो भारत का नक्शा अलग होता।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी जी का आमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि नवम्बर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश का एक प्रतिनिधिमण्डल सरदार पटेल के प्रति देश की एकता और अखण्डता के लिए उनके योगदान हेतु श्रद्धांजलि व्यक्त करने गुजरात जाएगा। उन्होंने कहा कि 182 मीटर ऊंची प्रतिमा में म्यूजियम और अन्य रचनात्मक गतिविधियों की व्यवस्था सराहनीय है।

मुख्यमंत्री जी ने यह भी बताया कि उनके द्वारा प्रदेश के पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए गुजरात राज्य में प्रदेश का पर्यटन गृह बनाने हेतु भूमि दिए जाने का अनुरोध किया गया था, जिस पर गुजरात सरकार द्वारा सहमति व्यक्त की गई है। उन्होंने इसके लिए गुजरात सरकार के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

——————